an>

Title: Need to establish a Cancer Institute in Rampur, Uttar Pradesh by the Central Government.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : देश में कैंसर से गृसित मरीजों की संख्या में पृतिवर्ष लगातार वृद्धि हो रही है लेकिन इस जानलेवा बीमारी के उपचार के लिए अपेक्षाकृत अस्पतालों/संस्थानों की भारी कमी है। इस कारण गरीबी की पृष्ठभूमि वाले मरीज अस्पतालों के अभावों और इसके उपचार में भारी रक़म के चलते अपना इलाज़ नहीं करवा पाते हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में ऐसा कोई गांव नहीं है जहां कैंसर से गृसित कोई रोगी न हो। इस पूरे क्षेत्र और आस-पास के इलाके में कोई भी कैंसर का अस्पताल नहीं है। ऐसी दशा में हजारों कैंसर के गंभीर मरीजों को नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का रूख करना पड़ता है जहां पहले से ही ऐसे मरीज़ों की संख्या अधिक होने से इन्हें संस्थान में सांसदों के अनुरोध के बावजूद भी दाखिला नहीं मिल पाता है। कमोवेश यही हालात दिल्ली के अन्य केन्द्रीय सरकारी अस्पतालों के भी हैं। बार-बार दिल्ली आने-जाने से उनकी आर्थिक स्थिति और भी दयनीय हो जाती है तथा उन्हें अपनी अकाल मृत्यु का डर सताने लगता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस भयावह हो रही स्थिति से निपटने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाकर रामपुर, उत्तर पृदेश में एक केन्द्रीय कैंसर संस्थान खोले जाने पर विचार करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Rahul Kaswan – not present.

Shrimati Krishna Raj.